दिनांक: 20.02.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा का फोन टेप नहीं कराया गया–विधानसभा में विपक्ष ने इस मुद्दे को लेकर सदन से बहिर्गमन किया।
- देशभर में आज से गैर संक्रामक रोग स्क्रीनिंग अभियान।
- बुनकर सेवा केन्द्र की ओर से जयपुर में आज से ''हथकरघा एक्स्पो त्यौहार'' की शुरूआत।
- दुबई में चैंपियंन्स ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में बांग्लादेश 228 रनों पर सिमटा–मोहम्मद शमी ने पांच विकेट चटकाए।

000

राज्य सरकार की ओर से आज विधानसभा में स्पष्ट किया गया कि उसकी ओर से कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा का फोन टेप नहीं कराया गया है। विपक्ष की मांग पर विधानसभा अध्यक्ष ने इस मामले में सरकार को जवाब देने के लिए आज का समय निर्धारित किया था। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने जवाब देते हुए कहा कि कानून के तहत, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, कानून व्यवस्था से जुड़े मुद्दे या राज्य की सुरक्षा की लिए जरूरी होने पर ही किसी का फोन सर्विलांस करने की अनुमति देने के लिए अधिकृत हैं। प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि श्री मीणा जिम्मेदार पद पर बैठे हैं और यदि सरकार ने उनका फोन टेप नहीं किया है तो उनके बयान के लिए सरकार को उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। इस पर विपक्षी सदस्यों ने श्री मीणा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर सदन से बहिर्गमन किया।

000

भारतीय जनता पार्टी की विधायक रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री के साथ छह कैबिनेट मंत्रियों ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कई केंद्रीय मंत्री उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों ने भी समारोह में शिरकत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री की शपथ लेने पर बधाई दी है।

000

देश में आज से विशेष गैर–संक्रामक रोग स्क्रीनिंग अभियान की शुरुआत की गई है। अभियान का उद्देश्य 30 वर्ष और उससे ऊपर की आयु के सभी व्यक्तियों की गैर–संक्रामक रोगों, जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, और मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की स्क्रीनिंग करना है। ये अभियान गैर–संक्रामक रोगों की समय रहते पहचान और उचित उपचार सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखता है। चालीस दिन तक चलने वाला यह अभियान, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और देश भर में विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों पर, राष्ट्रीय गैर–संचारी रोग रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित होगा। इस अभियान के दौरान, प्रशिक्षित आशा और फ्रंटलाइन कार्यकर्ता, लोगों की स्क्रीनिंग करेंगे।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने आज अलवर के राजर्षि भृर्तहरि मत्स्य विश्वविद्यालय में 6 करोड 65 लाख रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, विश्वविद्यालय के कुलपति शील संधु और विश्वविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में राज्यपाल ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के कार्यों की जानकारी देते हुए भविष्य में इनके समय पर पूरा होने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने प्रदेश के कल पेश हुए बजट में अलवर में बालिका सैनिक स्कूल खोलने पर खुशी व्यक्त की।

....................

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज केन्द्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से नई दिल्ली में मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था और कौशल विकास के संबंध में चर्चा की। उन्होंने श्री प्रधान से युवाओं के रोजगार संबंधी विषयों पर बातचीत करते हुए कौशल विकास के पाठ्यक्रमों जरूरत बताई।

000

सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान राज्य में सहकारी आन्दोलन को और मजबूत बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। आज जयपुर में सहकारिता कार्य योजना और कलैण्डर के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने अधिकारियों से सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता के साथ लोगों का विश्वास बनाए रखने की बात कही। श्री दक ने कहा कि राज्य सरकार सहकारिता सेक्टर को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य बजट में सहकारिता से संबंधित कई ऐतिहासिक घोषणाएं की गई हैं, जिनसे प्रदेश में सहकारी आन्दोलन को और गति मिलेगी। कार्यक्रम में प्रदेशभर से सहकारिता विभाग के अधिकारी और कर्मचारी वीडियो कॉफ्रेंस से जुडे।

000

.......................

000

वस्त्र मंत्रालय के बुनकर सेवा केन्द्र की ओर से आज से जयपुर में ''हथकरघा एक्स्पो त्योहार'' की शुरूआत हुई। प्रदर्शनी का उद्घाटन जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि यह कार्यक्रम देशभर के बुनकरों और कारीगरों के साथ ही शिल्प कला प्रेमियों के लिए बेहतरीन अवसर है।

...............

केन्द्रीय संचार ब्यूरो जयपुर की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने कहा कि हथकरघा एक्सपो से बुनकरों को अपने उत्पाद जन–जन तक पहुंचाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ बुनकरों को मिले, इसके लिए ऐसे एक्स्पो अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान बुनकर सेवा केन्द्र की उपनिदेशक रुचि यादव ने बताया कि एक्स्पो में देशभर के बुनकरों ने अपने राज्यों के हैंडलूम उत्पादों की स्टॉल लगाई है। उन्होंने बताया कि एक्स्पो में हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग और कोटा डोरिया साड़ी बनाने का सजीव प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान निफ्ट जोधपुर और जयपुर के फैशन डिजाइन कॉलेजों के सहयोग से फैशन शो का भी आयोजन होगा। गौरतलब है कि शहर के बिड़ला ऑडिटोरियम में 24 फरवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में देश–प्रदेश के हैंडलूम उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है।

000

चूरू जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 2 लाख 85 हजार से अधिक परिवारों को जोडा गया है। जिले में 62 प्रतिशत लक्ष्य को हासिल कर लिया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि योजना को लेकर जिलेवासियों में उत्साह का माहौल है।

....................

000

समाचार महाकुंभ से –

...............

प्रयागराज में चल रहा महाकुंभ मेला न केवल एक आध्यात्मिक समागम बन गया है, बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित एक बड़ा आंदोलन भी बन गया है। मेले में नमामि गंगे मंडप, गंगा नदी के संरक्षण और सफाई के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक अनूठा मंच बन गया है। इसमें अत्याधुनिक तकनीक और रचनात्मक प्रदर्शन के साथ गंगा नदी के किनारे पाई जाने वाली जैव विविधता

को दर्शाया जाता है। नमामि गंगे मिशन महाकुंभ के दौरान स्वच्छता और जागरूकता अभियान भी चला रहा है। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन के दौरान, नदी की शुद्धता सुनिश्चित करने और इसकी पवित्रता बनाए रखने के लिए 10 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी काम कर रहे हैं।

इस बीच, अजमेर से प्रयागराज के लिए आज विशेष रेलगाडी रवाना की गई। अजमेर स्टेशन पर केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री और सांसद भागीरथ चौधरी ने 1300 यात्रियों को ले जा रही इस विशेष रेल को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं को यात्रा की शुभकामना देते हुए महाकुंभ को आस्था का केन्द्र बताया।

.................

000

राज्य मानवधिकार आयोग ने टोंक के नगर फोर्ट थाने के पुलिसकर्मी द्वारा अनुसूचित जनजाति के एक युवक पर ट्रैक्टर चढाकर हत्या करने के मामले में संज्ञान लेते हुए अजमेर के संभागीय आयुक्त और पुलिस प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है। न्यायाधीश जी.आर. मूलचंदानी ने घटना में शामिल सभी लोगों के खिलाफ समुचित कार्यवाही करने और ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि नगर फोर्ट के एक युवक द्वारा जोर से लाउड स्पीकर चलाने पर एक पुलिसकर्मी ने गुस्से में आकर उस पर ट्रैक्टर चढाकर उसकी हत्या कर दी थी। घटना से नाराज परिजनों और लोगों ने राजमार्ग 34 को जाम कर वाहनों को नुकसान पहुंचाया।

000

आईसीसी चैपिंयन्स ट्रॉफी क्रिकेट में आज भारत और बांग्लादेश की टीमों के बीच दुबई में ग्रुप–ए का मैच खेला जा रहा है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को 229 रनों का लक्ष्य दिया है। बांग्लादेश की टीम दो गेंद शेष रहते ऑल आउट हो गई। बांग्लादेशी बल्लेबाज हृदोय ने शतकीय पारी खेली। वहीं जे. अली ने 68 रनों का योगदान दिया। भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी ने मैच में पांच विकेट चटकाए। गौरतलब है कि भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा कर रहे हैं। वहीं, बांग्लादेश की टीम नजमुल हुसैन की कप्तानी में मैदान में उतरी है।

000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ बारिश हुई। झुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी में तेज बरसात रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरी हवाओं के प्रभाव से आगामी 48 घंटो में तापमान में 2 से 4 डिग्री से. गिरावट होने की संभावना है। विभाग ने राज्य में आगामी सप्ताह में अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहने की उम्मीद जताई है।

000